पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.1,

PM SHRI Kendriya Vidyalaya No.1,

वायु सेना स्थल, लोहगाँव, पुणे Air Force Station, Lohegaon, Pune 411 032

दूरभाष क्र. Telephone Nos. 020-26687656, 020-29996405

वेबसाइट Website: https://no1afspune.kvs.ac.in

ई - मेल E-mail: principalkv1afspune@gmail.com

प्रिय नवनियुक्त शिक्षकगण,

केंद्रीय विद्यालय संगठन में आपका हार्दिक स्वागत है। शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रकाश स्तंभ के रूप में सुस्थापित, गौरवशाली भारतीय ज्ञान परंपरा का सजग प्रहरी केंद्रीय विद्यालय संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित अवसर सृजित करते हुए प्रगति के नए प्रतिमान गढ़ने एवं सफलता के नए क्षितिज के अन्वेषण में सतत संलग्न है। आपको माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान में अपनी सेवाएँ देने का सुअवसर प्राप्त हुआ, इसके लिए हार्दिक बधाई।

शिक्षक शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक अनिवार्य अंग है, जिसके अभाव में ज्ञान का सृजन, अर्जन एवं विस्तार सर्वथा असंभव है। राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की सहभागिता आवश्यक है तथा युवा वर्ग को विकास की शक्ति में रूपांतरित करने में शिक्षण संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों में संस्कार, ज्ञान, चिंतन एवं विभिन्न मानवीय मूल्यों का विकास करते हुए शिक्षण संस्थान राष्ट्र निर्माण में अतुल्य योगदान सुनिश्चित करते हैं। इस गुरुतर दायित्व का निर्वहन शिक्षकों के माध्यम से ही संभव है। भारत ने सहस्राब्दियों से ज्ञान व नैतिक चेतना का जो दीप प्रज्वलित कर रखा है, उसकी दीप्ति से भावी पीढ़ी के अंतर्मन को उद्भासित करने का दायित्व आप शिक्षकों का ही है। स्मरण रखें, पारस्परिक विश्वास, सौहार्द एवं संवेदनशीलता विद्यार्थी व शिक्षक के अंतर्संबंध की आधारशिला है। विद्यार्थी सदैव प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: अपने शिक्षकों का अनुकरण करते हैं। अत: अपने व्यक्तित्व में अनुशासन, मर्यादा, ज्ञान के प्रति जिज्ञासा, अध्ययनशीलता, प्रतिबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा आदि गुणों का विकास करते हुए विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनें। मुझे विश्वास है कि आपके समर्पित एवं नैष्ठिक प्रयास केंद्रीय विद्यालय संगठन की गरिमा को विस्तृत आयाम प्रदान करेंगे।

केंद्रीय विद्यालय संगठन में स्वर्णिम उपलब्धियों से परिपूर्ण सुदीर्घ कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाओं सहित,

आर. एन. वडालकर

आर. एन. वडालकर

प्राचार्य

पी.एम.श्री.के.वि. क्र.1 ए.एफ.एस. पुणे